लापरवाही | प्रसूता से कथित अवैध वसूली और नवजात को चूहे के काटने की घटना से मचा हड़कंप

# सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था पर खड़े हुए सवाल

**नवभारत, नरसिंहपुर, गाडरवारा।** जिले के सरकारी अस्पतालों से जुड़े दो गंभीर मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर प्रसूता से ऑपरेशन और उपचार के नाम पर कथित रूप से अवैध धनराशि वसूलने का आरोप लगाया गया है, वहीं दूसरी ओर गाडरवारा सिविल अस्पताल के प्रसूति वार्ड में नवजात बच्ची को चूहे द्वारा काटे जाने की घटना ने अस्पताल प्रबंधन की सुरक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था पर चिंता बढ़ा दी है।




### प्रसूता से 3500 लेने का आरोप

ग्राम टिमरावन निवासी कपिल लोधी ने कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि 2 जून 2026 को उनकी पत्नी प्रीति वर्मा को प्रसव पीड़ा होने पर पहले सिविल अस्पताल गाडरवारा ले जाया गया। वहां आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर रेफर किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव कराया गया, जहां डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा पैसों की मांग की गई। आरोप है कि ऑपरेशन डिलीवरी के नाम पर ?3500 की राशि ली गई तथा अन्य सेवाओं के लिए भी अतिरिक्त धनराशि मांगी गई। यहां तक कि टांके काटने जैसी नियमित सरकारी सेवा के लिए भी ?100 लेने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### नवजात को चूहे ने काटा सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

दूसरा मामला सिविल अस्पताल गाडरवारा के प्रसूति वार्ड का है। ग्राम नांदनेर निवासी अर्पित पाठक ने शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी कुमकुम पाठक ने 30 मई 2026 को अस्पताल में पुत्री को जन्म दिया था। प्रसव के बाद भर्ती के दौरान नवजात बच्ची के हाथ को कथित रूप से चूहे ने काट लिया, जिससे उसे चोट पहुंची। परिजनों का कहना है कि अस्पताल जैसी सुरक्षित जगह पर नवजात के साथ हुई यह घटना साफ-सफाई, चूहा नियंत्रण और मरीज सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### स्वास्थ्य विभाग से जवाब की प्रतीक्षा

दोनों मामलों की शिकायत मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक, संभागीय स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कलेक्टर नरसिंहपुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है।

**जांच और कार्रवाई**

इन घटनाओं के बाद आमजन के बीच यह सवाल उठ रहा है कि जब सरकार प्रसूता महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए निशुल्क एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं का दावा करती है, तब ऐसी शिकायतें और घटनाएं आखिर क्यों सामने आ रही हैं। अब सभी की निगाहें स्वास्थ्य विभाग की जांच और आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। (नोट उपरोक्त दोनों मामलों में लगाए गए आरोप शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत शिकायतों पर आधारित हैं। संबंधित अधिकारियों की जांच और आधिकारिक पक्ष आना शेष है।)

# बिगड़े पड़े हेडपंप, हो रही अनदेखी

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** ग्रीष्म काल में पेयजल आपूर्ति को लेकर विकास खंड के लगभग हर गांव में विकराल समस्या बनीं रही और स्थानीय लोगों जनप्रतिनिधियों के द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचना दी लेकिन आज कल कर्मियों की कमी संसाधन नहीं का हवाला देकर जवाबदार अपनी जबाब दारी से बचते रहे हैं। समस्यायें आज भी ज्वलंत बनीं हुई है ऐसा ही एक उदाहरण समीपी प्रतिष्ठित ग्राम डोभी में देखने को मिला है। यहां के सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र पटेल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि विगत कई माह से कई स्थानों के हैंडपंप बिगड़े है। उनमें पानी नहीं आता जिससे ऐसी भीषण गर्मी में ग्रामीण बेहद परेशान है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले हॉटबाजार,श पुराना बाजार चौधरी मुहल्ला एवं कई स्थानों के हैंडपंप बिगड़े पड़े है। कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग को की जा चुकी है। उसके बावजूद सुधार कार्य नहीं किया जा रहा। सुधार कार्य करने के लिए विभाग द्वारा कई बार कर्मचारी नाम के लिए भेजे जाते है। कर्मचारी आधा अधूरा काम छो ? कर एवं पर्याप्त सामग्री ना होने का बोलकर चले जाते हैं। उसके बाद विभाग द्वारा हैंडपंप सुधार कार्य की कई दिनों तक सुध नहीं ली जाती । जो कि कई दिनों तक जस का तस पड़ा रहा है। भीषण गर्मी में हैंडपंप सुधार कार्य ना होने के कारण ग्रामीण पानी के लिए बेहद परेशान है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही हैंडपंप सुधार कार्य करने की मांग की है।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक

**नवभारत, नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति रजनी सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय परिसर से बरसात के पानी का भराव की रोकथाम के लिए उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में महाविद्यालय के खेल मैदान को सुरक्षित और निर्माण कार्य किए जाने पर चर्चा की गई। पुराने जीर्ण-शीर्ण एवं जर्जर हो चुके भवनों को डिस्मेंटल कर नवीन भवनों का यथा स्थान पर निर्माण किए जाने पर चर्चा हुई। परिसर में पूर्व से निर्मित प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई एवं मरम्मत के कार्यों को स्थानीय निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों से करवाने की सहमति दी गई। नवीन पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक व्यवस्था और एईडीपी पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षकों को आमंत्रित करने के संबंध में चर्चा की गई।

# 2 किलो अवैध गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, गाडरवारा।** नरसिंहपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत थाना गाडरवारा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को लगभग 2 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 13 जून 2026 की रात्रि थाना गाडरवारा पुलिस की टीम कस्बा भ्रमण पर थी। इस दौरान डमरूघाटी के पीछे केकरा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्काल उसका पीछा किया और प्रभावी घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लगभग 2 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरुण शर्मा (35 वर्ष) पिता नर्मदा प्रसाद शर्मा, निवासी बरमान के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक चौहान, उपनिरीक्षक अंकित रावत, आरक्षक श्रजल भार्गव, अक्षय श्रीवास्तव, महेंद्र बाबरिया एवं विश्वजीत की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



# नियमित वेतन न मिलने पर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, गाडरवारा।** नगर पालिका में नल संचालन एवं जल प्रदाय व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों ने हर माह नियमित रूप से वेतन नहीं मिलने की समस्या को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से वेतन भुगतान में हो रही देरी से परेशान हैं और इससे उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति बन रही है। कर्मचारियों का कहना है कि नगर की जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वे नियमित रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन वेतन समय पर नहीं मिलने से परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक खर्चों का प्रबंधन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने मांग की है कि उनका वेतन प्रत्येक माह नियत समय पर नियमित रूप से भुगतान किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े।




# गौ माता की दुर्दशा के कारण संकटों के बादल मंडरा रहे

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने अपनी बाल्यावस्था में गौ चराने की जो लीला की वह केवल गौ संरक्षण गौ पालन का संदेश दिया है। कालिया नाग को नाथने के पीछे नदी को साफ सुथरा बनाने और नग पर गिरीराज पर्वत धारण के पीछे केवल पर्यावरण संरक्षण सुरक्षा का संदेश दिया है लेकिन आज हम इन तीनों को ही मिटाने पर तुले हुए हैं। अपने ऐश आराम को पर्वतों की तोड रहें हैं।

नदियों से रेत उठाकर खत्म कर रहें हैं। और अपनी राजनीति चलाने के लिए गौ रक्षा का सीधा राग अलाप रहे हैं।आज गौ माता की दुर्दशा के कारण ही देश में संकटों के बादल मंडरा रहे हैं। जहां गौ माता चारा चरने जाती थी वही चरनोई भूमी हम खा बैठे।केवल गौ माता की जय कहने से काम नहीं चलेगा। जन्म देने वाली मां केवल दो तीन साल तक ही दूध पिलाती है लेकिन गौ माता हमें जीवन भर दूध पिलाती है। इसलिए गौ माता के कर्ज से हम कभी ऊरन नही हो सकते।गौ माता वेद लक्षणा है। गौ माता नहीं रहेगी तो गायत्री नहीं गायत्री नहीं तो ज्ञान नहीं और ज्ञान नहीं तो सनातन नहीं सनातन नहीं तो मानवता ही खत्म हो जायेगी। उक्त अमृत बचन देवरी राजमार्ग में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के माध्यम से पं विपिन विहारी महाराज ने व्यक्त किए।



**एक नजर में**

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र वितरित किए

**नवभारत, नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति से संबंधित कार्यशाला में नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यशाला में प्रशांत चौहान भोपाल एवं समर्थ दंडोतिया मास्टर ट्रेनर भोपाल ने नशा मुक्ति से संबंधित नशा क्या है, नशा कौन करता है, नशा किन परिस्थितियों में किया जाता है, नशे के कारण, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है और नशे से उबरने के उपाय के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ब्रह्माकुमारी, एनसीसीस, संगठनों के पदाधिकारी और नागरिक मौजूद थे।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण

**नवभारत, नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाये। हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। जनकल्याण शिविरों में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें और विभागीय योजनाओं की जानकारी दें। कलेक्टर सिंह ने बैठक में जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन : विधायक पटेल

**नवभारत, नरसिंहपुर।** विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल सोमवार को जनपद पंचायत चांवरपाठा और नगर परिषद तेंदूखेड़ा में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने हितग्राहियों व नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा शिविर लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया। विधायक श्री पटेल ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवाकाल के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण पर आधारित नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, विश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जनधन, उज्ज्वला, पीएम किसान सम्मान निधि सहित अनेक योजनाएं संचालित कर महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीब कल्याण की दिशा में लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। आज भारत आत्मनिर्भर, डिजिटल नवाचार, आधुनिक अधोसंरचना और सशक्त नेतृत्व के बल पर विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुए अनेक कार्य

**नवभारत, नरसिंहपुर।** जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चिनकी स्थित श्रीराम आरण्यक पहाड़ी पर वर्षा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से कंटूर ट्रेंच निर्माण का कार्य मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में तेजी से किया जा रहा है। इस अभियान में परिषद की नवांकुर संस्था प्रवाह जन पुनरुत्थान समिति, ग्वारी, अखिल विश्व गायत्री परिवार इकाई, चिनकी, गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान, नरसिंहपुर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, चिनकी तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) से जुड़े परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में कंटूर ट्रेंचों का निर्माण कर वर्षाकाल में बहने वाले पानी को रोककर भूमि में समाहित किया जाएगा।

# भक्तों को आनंद प्रदान करने अवतार लेते हैं भगवान

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** जब जब धरती पर अधर्म बढता है पापाचार दुराचार बढ़ने लगता है तब धर्म कि विधिवत स्थापना के लिए अपने भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। उक्त उद्गार ग्राम कुसमी सगोरिया में प्रतिष्ठित दुबे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास पं कैलाश शास्त्री ने व्यक्त किए।सृष्टि विषयक व्याख्यान में महाराज मनु के द्वितीय पुत्र प्रियव्रत जी के वंश का वर्णन करते हुए वृत्रासुर का चरित्र प्रहलाद चरित्र सदाचार वर्णाश्रम धर्म नारी धर्म गज ग्राह चरित्र समुद्र मंथन बलि वामन संवाद सूर्यवंश चंद्रवंश का विस्तार से वर्णन करते हुए श्री कृष्ण अवतार की सुंदर कथा सुनाई। भगवान बालकृष्ण की सुन्दर बाल लीलाओं की कथा श्रवण कराई।बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। आयोजकों ने सभी धर्मावलंबी जनों से कथा में पधारने का आग्रह किया है।



# मजिस्ट्रेट ने सड़क पर उतरकर की वाहनों की चेकिंग

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन लगातार सख्त नजर आ रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन तेंदूखेड़ा गाडरवारा मार्ग पर सिविल न्यायालय तेंदूखेड़ा के न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवाकांत कुशवाहा ने खुद सड़क पर उतरकर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान उन्होंने दोपहिया और चार पहिया और भारी वाहनों को रोककर हेलमेट सीटबेल्ट और तेज गति से बाहन ना चलाने गाड़ी के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की।चेकिंग अभियान के दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के पाए गए।

मजिस्ट्रेट कुशवाहा ने उन्हें फटकार लगाते हुए यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। साथ ही मौके पर ही कई वाहन चालकों के चालान भी काटे गए और जुर्माना वसूला गया।



# मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 17 को बैठक लेंगे

**नवभारत, नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में 17 जून 2026 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर रजनी सिंह ने आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने को कहा है।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**नवभारत, नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, वन मंडलाधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी और परिवहन अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर रजनी सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग मिलकर जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि खनिज निरीक्षक अपने- अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें और खनिज स्थलों पर निगरानी रखें।

# नपा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, गाडरवारा।** नगर पालिका गाडरवारा के सफाई कर्मचारियों एवं अन्य कर्मचारियों ने अप्रैल 2026 माह के लंबित वेतन के भुगतान की मांग को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के नाम ज्ञापन एवं मांग पत्र सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि अप्रैल माह का वेतन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने मांग की कि लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान किया जाए, ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारियों को आगे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से संजय, अशोक, उमेश, पारस, विजय, अजय, देवेंद्र, धनीराम, मनजीत, बालम, सोनू, मुन्ना, टीकम, शंकर सहित नगर पालिका के समस्त सफाई कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने प्रशासन से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान करने की अपेक्षा व्यक्त की है।



# मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की मंडलीय बैठक

**नवभारत, गाडरवारा।** मां नर्मदा समाज सेवी संस्था गाडरवारा नगर मंडल की मंडलीय बैठक विगत दिवस राजराजेश्वरी होटल में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गायत्री मंडल के पुजारी बसंत जोशी, नागेंद्र त्रिपाठी एवं कमल ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश महामंत्री भैयाजी रावत ने की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक भार्गव, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश राय तथा तहसील साईंखेड़ा अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा के पूजन-अर्चन से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथियों एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में संगठन विस्तार एवं जिला तथा नगर स्तर पर विभिन्न नियुक्तियों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कई लोगों ने संस्था की सदस्यता भी ग्रहण की। बैठक में सर्वसम्मति से बसंत जोशी को जिला संरक्षक, नागेंद्र त्रिपाठी को जिला संयोजक, कमल ठाकुर को जिला मीडिया प्रभारी, अमर सिंह धानक को पलोहा मंडल उपाध्यक्ष, गुड्डू पंडा को निरंजन वार्ड अध्यक्ष, कमलेश नीरश को रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार तिनगुनिया को गायत्री नगर मंडल अध्यक्ष, कृष्ण यादव को शास्त्री वार्ड अध्यक्ष तथा कमलेश चंचल को गोटीटोरिया मंडल का दायित्व सौंपा गया।



# घंटों लगा रहा जाम, श्रद्धालुओं ने खुद संभाला मोर्चा

**नवभारत, गाडरवारा।** ज्येष्ठ मास की पावन सोमवती अमावस्या के अवसर पर गाडरवारा क्षेत्र के प्रसिद्ध झिकोली-बोरास ककराघाट सहित नर्मदा तटों पर आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार तड़के से ही श्रद्धालुओं का नर्मदा घाटों पर पहुंचना शुरू हो गया था और दिनभर हजारों भक्तों ने पवित्र नर्मदा जल में स्नान कर पूजा-अर्चना, दान-पुण्य एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पावन जल में डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की। महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज के क्षेत्रों से ककराघाट पहुंचे। पूरे घाट क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं दान-पुण्य का क्रम दिनभर जारी रहा। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी देखने को नहीं मिली। नर्मदा तट पर धार्मिक आयोजनों और पूजा-पाठ के चलते वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण ककराघाट जाने वाले प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई स्थानों पर लंबा जाम लग गया, जिससे श्रद्धालुओं को घंटों तक वाहनों में फंसे रहना पड़ा। स्थिति ऐसी बन गई कि कई जगह श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को स्वयं सड़क पर उतरकर यातायात सुचारू कराने का प्रयास करना पड़ा।



**व्यवस्थाओं पर उठे सवाल**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाम की समस्या से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल और यातायात प्रबंधन नजर नहीं आया। कई श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा भीड़ के अनुमान के अनुरूप व्यवस्थाएं नहीं की गई थीं, जिसके चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घाट क्षेत्र में उमड़ी भारी भीड़ के बावजूद सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर नहीं दिखाई दी। श्रद्धालुओं का कहना था कि यदि पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पूर्व तैयारी और बेहतर प्रबंधन किया जाता तो जाम और अव्यवस्था जैसी स्थितियों से बचा जा सकता था। कई स्थानों पर पार्किंग और वाहनों के आवागमन को लेकर भी अव्यवस्था देखने को मिली।




# जनकल्याण शिविर में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

**नवभारत, गाडरवारा।** जनपद पंचायत चीचली द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत गांगई के पंचायत भवन में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं शाला प्रवेश अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह राजपूत एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक डी.के. पटेल के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष राधाबाई अहिरवार की विशेष उपस्थिति रही। वहीं मंचासीन अतिथियों में पूर्व जनपद अध्यक्ष भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, के.एल. साहू एवं चंद्रकांत गुप्ता शामिल रहे। अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।